

**श्री सोलोमन अरोकियाराज**

अपर सचिव, आर्थिक कार्य विभाग,
वित्त मंत्रालय

श्री सोलोमन अरोकियाराज, भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी हैं, जिन्हें 25 वर्षों का व्यापक अनुभव है। वर्तमान में वे भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग में अपर सचिव, अवसंरचना नीति एवं योजना तथा अन्य बहुपक्षीय संस्थानों के प्रभागों का कार्यभार संभाल रहे हैं।

उन्हें सड़क, रेलवे, दूरसंचार, शहरी अवसंरचना, विमानन तथा नौवहन जैसे क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर निवेश परियोजनाओं के मूल्यांकन और समन्वय का समृद्ध अनुभव है। वे भारत सरकार की विभिन्न समितियों और कार्य समूहों में सेवा दे चुके हैं तथा जी-20 के इंफ्रास्ट्रक्चर वर्किंग ग्रुप में भारत का प्रतिनिधित्व भी कर रहे हैं। इसके अलावा, वे एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक, न्यू डेवलपमेंट बैंक, इंटरनेशनल फंड फॉर एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट, यूरोपीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक, अफ्रीकी विकास बैंक, ओपेक फंड फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट आदि जैसे विभिन्न बहुपक्षीय विकास बैंकों से संबंधित मामलों का भी प्रभार संभाल रहे हैं।

वर्तमान में वे इंटरनेशनल फंड फॉर एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट में वैकल्पिक गवर्नर, एशियन इंफ्रास्ट्रक्चर इन्वेस्टमेंट बैंक एवं न्यू डेवलपमेंट बैंक के बोर्ड में निदेशक तथा अफ्रीका डिजिटल फाइनेंशियल इनक्लूजन फैसिलिटी  की गवर्निंग काउंसिल के सदस्य हैं। वे इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन तथा एआई एसेट होल्डिंग लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक के रूप में भी कार्यरत हैं।

वर्तमान पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के सचिव के पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा उन्होंने आंध्र प्रदेश राज्य सरकार में विभिन्न पदों जैसे सचिव, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग; परियोजना निदेशक, एपी म्यूनिसिपल डेवलपमेंट प्रोजेक्ट; तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सोसाइटी फॉर एलिमिनेशन ऑफ रूरल पॉवर्टी  इत्यादि के रूप में भी कार्य किया है।

उन्होंने कृषि में स्नातक तथा व्यवसाय प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिग्री प्राप्त की है।

उन्हें भारत सरकार, वित्त मंत्रालय,  आर्थिक कार्य विभाग की ओर से नामित निदेशक के रूप में 09 जून 2025 से एसपीएमसीआईएल के निदेशक मंडल में अंशकालिक निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया है।

******